# CBSE Class 6 Social Science Important Questions Civics Chapter 2 विविधता एवं भेदभाव

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
हम सभी को क्या एक भारतीय के रूप में जोड़ती हैं?
उत्तर:
समानता हम सभी को एक भारतीय के रूप में जोड़ती है।

प्रश्न 2.
संसार में मुख्य धर्म कितने हैं?
उत्तर:
संसार में मुख्य धर्म आठ हैं।

प्रश्न 3.
भारत में किन - किन धर्मों के अनुयायी रहते हैं?
उत्तर:
भारत में हिन्दू, इस्लाम, ईसाई, बौद्ध, जैन, सिक्ख, पारसी और यहूदी धर्मों के अनुयायी रहते हैं।

प्रश्न 4.
भारत में कितनी भाषाएँ बोली जाती हैं?
उत्तर:
भारत में सोलह सौ से ज्यादा भाषाएँ बोली जाती हैं। जो लोगों की मातृभाषाएँ हैं।

प्रश्न 5.
भारत में कितने तरह के नृत्य किए जाते हैं? किन्हीं दो नृत्यों के नाम लिखिए।
उत्तर:
भारत में सौ से भी अधिक तरह के नृत्य किए जाते हैं, जैसे - भरतनाट्यम, कत्थक आदि।

प्रश्न 6.
लोग अपने से अलग दिखने वाले लोगों के बारे में खास तरह की राय बना लेते हैं। ऐसी राय को क्या कहते हैं?
उत्तर:
पूर्वाग्रह।

प्रश्न 7.
पूर्वाग्रह किसे कहते हैं?
उत्तर:

जब हम किसी के बारे में पहले से कोई राय बनाकर उसे अपने दिमाग में बिठा लेते हैं, तो यह राय पूर्वाग्रह कहलाती है।

प्रश्न 8.
स्वतंत्रता की लड़ाई के दौरान किन समूहों ने समानता के लिए संघर्ष किया?
उत्तर:
दलितों, स्त्रियों, आदिवासियों तथा किसानों ने समानता के लिए संघर्ष किया।

प्रश्न 9.
दलित क्या है?
उत्तर:
दलित का अर्थ है जिन्हें 'दबाया गया', 'कुचला गया'। यह शब्द नीची कही जाने वाली जाति के पहचान के रूप में प्रयुक्त किया जाता है।

प्रश्न 10.
डा. भीमराव अम्बेडकर का जन्म कब और किस जाति में हुआ था?
उत्तर:
डा. भीमराव अम्बेडकर का जन्म सन् 1891 ई. में महार जाति में हुआ था।

प्रश्न 11.
रूदिबद्ध धारणा किसे कहते हैं?
उत्तर:
जब हम किसी एक मनुष्य समूह / समुदाय के लोगों के बारे में एक पूर्वनिश्चित धारणा बना लेते हैं तो वह धारणा रूदिबस धारणा कहलाती है।

प्रश्न 12.
लड़कियों से संबंधित कोई दो रुढिबद्ध धारणाओं को लिखिए।
उत्तर:

- लड़कियाँ बहुत जल्दी रोती हैं।
- लड़कियाँ मृदुभाषी होती हैं।

प्रश्न 13.
लड़कों से संबंधित दो प्रमुख रूढिबद्ध धारणाएँ। लिखिए।
उत्तर:

- लड़के बहादुर होते हैं।
- लड़के रोते नहीं हैं।

प्रश्न 14.
भेदभाव के दो मुख्य कारक लिखिए।
उत्तर:

- आर्थिक असमानता

https://www.evidyarthi.in/

- जाति प्रथा।

प्रश्न 15.
डा. अम्बेडकर ने धर्म परिवर्तन करके बौद्ध धर्म क्यों अपनाया?
उत्तर:
बौद्ध धर्म सभी अनुयायियों को समान मानता है। इसी कारण उन्होंने बौद्ध धर्म को अपनाया।

लपूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य क्यों कहा जाता हैं?
उत्तर:
भारत में सभी लोग बिना किसी भेदभाव के अपने धर्म का पालन करते हैं और सरकार सभी धर्मों को बराबर मानती है। इसी कारण भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य कहा जाता है।

प्रश्न 2.
'भारत विविधताओं वाला देश है।' स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
भारत विविधताओं वाला देश है क्योंकि:

- संसार में आठ मुख्य धर्म हैं। भारत में उन आठों धर्मों के अनुयायी यानी मानने वाले रहते हैं।
- यहाँ सोलह सौ से ज्यादा भाषाएँ बोली जाती हैं जो लोगों की मातृभाषाएँ हैं।
- यहाँ सौ से भी ज्यादा तरह के नृत्य किए जाते हैं।
- यहाँ अनेक भाषा - भाषी लोग रहते हैं।

प्रश्न 3.
पूर्वाग्रह किसे कहते हैं? इसके क्या परिणाम होते हैं?
उत्तर:
लोग अपने से अलग दिखने वालों के बारे में खास तरह की राय बना लेते हैं और जब हम किसी के बारे में पहले से कोई राय बना लेते हैं और उसे हम अपने दिमाग में बिठा लेते हैं, तो वह पूर्वाग्रह का रूप ले लेती है। हम कई चीजों के बारे में पूर्वाग्रही हो सकते हैं, जैसे-लोगों के धार्मिक विश्वास, उनकी चमड़ी का रंग, जिस क्षेत्र से वे आते हैं, जिस तरह से वे बोलते हैं, जैसे कपड़े वे पहनते पूर्वाग्रह ज्यादातर नकारात्मक होते हैं। इसके कारण जिनके प्रति हमारे पूर्वाग्रह हैं, उनसे हम दोस्ती नहीं करना चाहते। हम उन लोगों की शायद इज्जत भी नहीं कर पाते हैं। इस वजह से उनके प्रति हमारा व्यवहार उन्हें दुःख पहुंचा देता हैं।

प्रश्न 4.
रूदिबद्ध धारणा किसे कहते हैं और यह कैसे बनती है?
उत्तर:
जब हम सभी लोगों को एक ही छवि में बाँध देते हैं या उनके बारे में एक्की धारणा बना लेते हैं, तो उसे रूढिबद्ध धारणा कहते हैं। हम लगातार यह सुनते रहते हैं कि 'लड़के बहादुर होते हैं, रोते नहीं हैं और लड़कियाँ कोमल व मृदु स्वभाव की होती हैं, सुशील होती हैं।' समाज की ऐसी मान्यताओं को हम बिना सोचे - समझे मान लेते हैं। हम विश्वास कर लेते हैंकि हमारा व्यवहार इन मान्यताओं के अनुसार ही होना चाहिए। हम सभी लड़कों और लड़कियों को उसी छवि के अनुरूप देखना चाहते हैं। इस प्रकार हमारी रुढिबद्ध धारणाएँ बनती हैं।

प्रश्न 5.
रूढ़िवद्ध धारणाओं के क्या परिणाम होते हैं?
उत्तर:
रूढिबद्ध धारणाएँ: कड़िबद्ध धारणाएँ हमें प्रत्येक इंसान को एक अनोखे और अलग व्यक्ति की तरह देखने से रोक देती हैं। हम नहीं देख पाते कि उस व्यक्ति के अपने कुछ खास गुण और क्षमताएँ हैं जो दूसरों से अलग हैं। इन धारणाओं का असर हम सब पर पड़ता है। कई बार ये धारणाएँ हमें ऐसे काम से रोकती हैं जिनको करने की काबिलियत शायद हममें हो।

प्रश्न 6.
भेदभाव किसे कहते हैं?
उत्तर:
भेदभाव: भेदभाव तब होता है जब लोग पूर्वाग्रहों या रूदिबश धारणाओं के आधार पर व्यवहार करते हैं। इन आधारों पर यदि आप लोगों को नीचा दिखाने के लिए कुछ करते हैं। अगर आप उनें कुछ गतिविधियों में भाग लेने से रोकते हैं या किसी खास नौकरी को करने से रोकते हैं या किसी मोहल्ले में रहने नहीं देते या एक ही कुएँ या हैंडपम्प से पानी नहीं लेने देते, तो इसका अर्थ यह हुआ कि आप उनके साथ भेदभाव कर रहे हैं।

प्रश्न 7.
भेदभाव किन - किन कारणों से हो सकता है?
उत्तर:
भेदभाव कई कारणों से हो सकता है। यथा:
1. विविधता के आधार पर: धर्म विविधता का एक पहलू है। लेकिन यह भेदभाव का कारण भी बन सकता है। ऐसा तब होता है जब लोग अपने से भिन्न प्रथाओं और रिवाजों को निम्न कोटि का मानते हैं।
2. असमानता के आधार पर: आर्थिक पृष्ठभूमि को भिन्नता अर्थात् अमीर और गरीब होना असमानता है। बहुत से लोगों के पास अपने खाने, कपड़े व घर की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए साधन व पैसे नहीं होते। इस कारण दफ्तरों, स्कूलों, अस्पतालों आदि में उनके साथ भेदभाव किया जाता है। कुछ लोगों को विविधता और असमानता पर आधारित दोनों ही तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता है। इस दोहरे भेदभाव का सामना कई जनजातियों, लोगों, धार्मिक समूहों
और खास क्षेत्र के लोगों को करना पड़ता है।

प्रश्न 8.
डा. भीमराव अम्बेडकर ने दलितों को क्या सलाह दी?
उत्तर:
डा. भीमराव अम्बेडकर ने दलितों को निम्न प्रमुख सलाह दी:

- उन्होंने दलितों को अपने बच्चों को स्कूल - कॉलेज भेजने के लिए प्रोत्साहित किया।
- उन्होंने दलितों से अलग - अलग तरह की सरकारी नौकरी करने को कहा ताकि वे जाति व्यवस्था से बाहर निकल सकें।
- उनका कहना था कि दलितों को जाति प्रथा के खिलाफ अवश्य लड़ना चाहिए और ऐसा समाज बनाने की तरफ काम करना चाहिए जिसमें सबकी इज्जत हो, न कि कुछ ही लोगों की।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 9.
जाति आधारित भेदभाव का दलितों पर क्या दुष्प्रभाव पड़ता है?
उत्तर:
जाति पर आधारित भेदभाव दलितों को अनेक गतिविधियों से वंचित रखता है। इससे उनके व्यक्तित्व का विकास रुक जाता है। दूसरे, यह भेदभाव दलितों को आदर और सम्मान भी नहीं मिलने देता जो दूसरों को मिलता है। इससे उनके आत्मसम्मान को चोट पहुंचती है और उनमें हीन भावना पैदा होती है तथा समाज में अलगाव की भावना पनपती है।

प्रश्न 10.
भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान किनकिन समूहों ने समानता के लिए क्या संघर्ष किये?
उत्तर:
भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान निम्न समूहों ने समानता के लिए संघर्ष किये:

- बहुत सारे दलितों ने संगठित होकर मंदिर में प्रवेश पाने के लिए संघर्ष किया।
- महिलाओं ने मांग की कि जैसे पुरुषों के पास शिक्षा का अधिकार है, वैसे उन्हें भी अधिकार मिले।
- किसानों और जनजातीय लोगों ने अपने आपको जमींदारों और उनकी ऊँची व्याज की दर से छुटकारा दिलाने के लिए संघर्ष किया।